

## जिले में देखा केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण




**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण पूरे जिले में मंडल स्तर पर देखा व श्रवण किया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि रविवार को सुबह 10.30 बजे से जिले के चारों विधानसभाओं के 26 मंडलों में आमजनता के बीच जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों व हजारों कार्यकर्ताओं ने बजट का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम देखा। प्रत्येक मंडल के अलग-अलग अतिथि व प्रभारी बनाये गए थे जिनके नेतृत्व में सभी मंडलों में कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष अजय यादव ने जुलवानिया स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बजट 2026 का सीधा प्रसारण देखा। इससे पूर्व संत रविदास जयंती के अवसर पर संत रविदास के चित्र का पुजन-अर्चन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए इसी तरह से जिला मुख्यालय पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल के आतिथ्य में श्रीराम चौक पर भव्य एलईडी लगाकर अनेक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बजट का सीधा प्रसारण का कार्यक्रम देखा। जिलाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि यह बजट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में दूरदर्शी एवं जनहितैषी है। यह बजट रेल कॉरिडोर, जलमार्ग, विकास, पर्यटन, खेल, आयुष, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं रोजगारोन्मुखी है जो देश को दीर्घकालीन विकास को मजबूती प्रदान करने वाला है। साथ ही गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को समर्पित है, जो सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाएगा। वहीं बजट 2026 के जिला संयोजक अजय कानूनगो ने सिलावद मंडल में सीधा प्रसारण देखा व उन्होंने बजट को जनहितैषी बताया व कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है तथा यह बजट भारत की दिशा व दशा को तय करेगा। इस अवसर पर जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों सभी जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## फोरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एक्जाम की उत्तीर्ण



**बड़वानी।** रैदास मार्ग निवासी मजहर खान के पुत्र डॉक्टर मोईनुद्दीन खान ने दिसम्बर 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली फोरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एक्जाम 191 अंक हासिल कर उत्तीर्ण की। परीक्षा में करीब 50000 विद्यार्थी शामिल हुए थे, लगभग 10000 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। मोईनुद्दीन खान ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ परीक्षा पहले प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली। मोईनुद्दीन की सफलता पर पिता मजहर खान, माता अध्यापक मेहरूननीसा खान, परिवारजनों व ईष्ठ मित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। परिजनों ने बताया कि मोईनुद्दीन खान ने किरगीस्तान से वर्ष 2025 में एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। भारतीय नियमों के अनुसार विदेश से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भारत में प्रेक्टीस करने के लिए फोरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एक्जाम को पास करना अनिवार्य होता है।

# लाखों के सीसी रोड़ की सौगात

## विधायक श्याम बर्डे ने कहा क्षेत्र में विकास की गंगा निरंतर

**पानसेमल, ( नवभारत )।**
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंगवाड़ा को क्षेत्र के विधायक श्याम बरडे ने 20 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ की सौगात दी। इस अवसर पर विधायक बरडे का ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों एवं माता-बहनों द्वारा ढोल-मादल के साथ स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ विधायक बरडे ने सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमि पुजन किया।



विधायक श्याम बरडे ने कहा कि मैं आज इस ग्राम में जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि आपके भाई और बेटे के रूप में उपस्थित हूं। मेरी सदैव यही भावना रही है कि मैं हर समय आपके सुख-दुख में सहभागी बनूं और आपकी ग्राम पंचायत की समस्याओं का समाधान करू। गोंगवाड़ा ग्राम पंचायत को 1 करोड़ 74 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी जा चुकी है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एक आदर्श एवं विकसित ग्राम बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत जहां हर ग्राम में मूलभूत सुविधाएं हो। उस दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए वे दिन-रात क्षेत्र की सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि पक्की सड़कें, बेहतर स्कूल भवन, पुल-पुलिया और बुनियादी ढांचा ही ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाता है। ग्रामीणजनों ने चर्चा के दौरान कहा कि हमने पहली बार ऐसा जनप्रतिनिधि देखा है, जो जनता के बीच रहकर एक सच्चे जनसेवक के रूप में कार्य कर रहा है।

विधायक श्याम बर्डे प्रत्येक परिवार से आत्मीय संबंध बनाना और व्यक्तिगत रूप से जुड़ाव हमें प्रेरित करता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पानसेमल विधानसभा में हो रहे व्यापक विकास कार्यों से प्रभावित होकर अनेक सरपंच एवं जनप्रतिनिधि कांग्रेस छोड़कर भाजपा के परिवार में सम्मिलित हो रहे हैं, जो विधायक की कार्यशैली पर जनविश्वास का प्रमाण है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सचिन चौहान, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे एवं प्रकाश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**ढोल-मांदल से स्वागत**
- ढोल-मांदल से किया विधायक बरडे का स्वागत।
- 74 लाख के कार्यों दी सौगात।

## रैली को सांसद ने दिखाई हरी झण्डी

**बड़वानी।** मिशन सिकल सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं कलेक्टर जयति सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिशन सिकल सुरक्षा अभियान 30 जनवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जावेगा। इस दौरान कलेक्टर जयति सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुरेखा जमरे, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरएस गुण्डिया, डिप्टी कलेक्टर आकाश यादव, डीएचओ डॉ मीनाक्षी मंडलोई, डीआईओ डॉ अतुल राठौड, सीएचओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# संत रविदास जयंती पर हुआ

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर के बाबा साहब अंबेडकर उद्यान में संत शिरोमणि रविदास महराज की जयंती पर प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने एक प्रसंग के माध्यम से बताया कि कैसे पानी पीने की बात पर उन्होंने सामाजिक समरसता का दृढ़ निश्चय किया और आज सर्व समाजजन एक मंच पर बैठे हैं।





डॉक्टर सुनील बागले ने संत रविदास के जीवन के बारे में बताया और समाज को एकजुट करने में उनके प्रयासों की सराहना की। रमेश पवार ने संत श्री के बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। विक्रम अछालिया एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉक्टर आनंद राय ने संत श्री के आदर्शों का अनुसरण करने की बात कही। जनपद पंचायत अध्यक्ष शिला विनोद वसावे ने भी संत रविदास द्वारा दिए गए योगदान को याद किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोंपण किया।

डॉक्टर आनंद राय के आगमन पर उनका युवाओं ने बस स्टैंड पर स्वागत किया। आयोजन में विधायक श्याम बर्डे, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शीला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे, शासकीय महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील बागले, ग्रंथपाल राजेश दिवाकर, संत रविदास समाज अध्यक्ष रमेश पवार, हीरालाल गोडसे, मदन नगराले, विक्रम अछालिया, आरटीआई एक्टिविस्ट आनंद राय, मयूर परमार, महेश चौहान, निलेश चौहान सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठ जन मौजूद थे।

# गुरूद्वारा चौक पर मोबाइल दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 02 फरवरी.**
शहर कोतवाली के सामने गुरुद्वारा चौक स्थित देहली मोबाइल दुकान में रविवार तड़के चोरी की वारदात सामने आई है। सुबह करीब 4.25 बजे तीन अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर उचकाकर भीतर घुसते हुए मोबाइल और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।





दुकान संचालक जनार्दन सिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार सुबह करीब 5 बजे पुलिस से सूचना मिली कि उनकी दुकान का शटर तोड़कर चोरी की गई है। सूचना मिलते ही वे दुकान पहुंचे, जहां शटर क्षतिग्रस्त मिला। जांच करने पर पता चला कि दुकान से 10 से 15 मोबाइल फोन और करीब 12 से 15 हजार रुपए नकद चोरी हो चुके हैं। चोरी गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत 5 से 7 लाख रुपए बताई जा रही है। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

### पहले रेकी, फिर बाइक से लौटे

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चोरों ने पहले दुकान की रेकी की और शटर खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके कुछ समय बाद तीनों चोर बाइक से दोबारा मौके पर पहुंचे। सुबह 4.25 बजे उन्होंने पूरी ताकत से शटर को बाहर की ओर खींचा, जिससे शटर मुड़ गया और नीचे से अंदर घुसने की जगह बन गई। चोर 4 से 5 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

### पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शटर से फिंगर प्रिंट सहित अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जानकारी के अनुसार महेंद्र टॉकीज क्षेत्र में भी इसी तरह की चोरी की कोशिश की गई, हालांकि वहां नुकसान की सूचना नहीं है।

### थाना प्रभारी ने बताया

थाना प्रभारी रविन कन्नौज ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। नुकसान का आकलन बिलों के आधार पर किया जा रहा है।

**एक नजर में**

## आरएपीटीसी में केएफ रुस्तम की प्रतिमा का अनावरण



**इंदौर.** रुस्तम का सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (आरएपीटीसी) इंदौर में भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी स्व. केएफ रुस्तम की प्रतिमा का अनावरण किया गया. इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया. एयरपोर्ट रोड स्थित आरएपीटीसी रामचंद्र नगर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विसबल चंचल शेखर ने प्रतिमा का अनावरण और शिलान्यास किया तथा पौधारोपण भी किया. कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक आरएपीटीसी चंद्रशेखर सोलंकी, उप पुलिस महानिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, प्रथम वाहिनी के सेनानी अभिषेक आनंद सहित आरएपीटीसी, प्रथम व 15वीं वाहिनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर डीआईजी धर्मेंद्र सिंह भदोरिया ने संस्था और स्मारक की जानकारी दी. आईजी चंद्रशेखर सोलंकी ने के.एफ. रुस्तम के व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि एडीजीपी चंचल शेखर ने प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए रुस्तम के डीजी बीएसएफ के रूप में कार्य, चंबल में डकैती नियंत्रण, हैदराबाद विलय, 1971 के भारत-पाक युद्ध और 1991 में पद्म विभूषण से सम्मान सहित उनके पुलिस सुधारों की जानकारी दी. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 में रुस्तम के निधन के बाद मध्यप्रदेश शासन ने एसएएफ की प्रमुख संस्था एपीटीसी इंदौर का नाम बदलकर रुस्तम का सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय रखा था. कार्यक्रम के दौरान प्रतिमा स्थापना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए. संचालन सहायक सेनानी नीति राजेश दंडोतिया ने किया और आभार उप-सेनानी प्राची द्विवेदी ने माना.

## श्री एकेडमी की बालक टीम को राज्यस्तरीय कांस्य पदक



**महू.** मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में श्री एकेडमी के खिलाड़ियों ने तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता होने के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार जीत हासिल की. इसके पश्चात विद्यालय के 4 छात्रों लक्ष्य संतोष वर्मा, आनंदगोपाला उमेश कादंबरी, पुनीत विशाल चौहान और यश कमल सिंह तंवर का चयन संभाग स्तरीय टीम में हुआ. जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर जीत हासिल की. यह प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक उज्जैन में आयोजित की गई. शनिवार को विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया. इंदौर संभाग की टीम ने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम से मैच खेले. विद्यार्थियों की इस सफलता पर बीईओ सुश्री दीपशिखा अचाले, बीआरसीसी अनुराग भारद्वाज, संकुल प्राचार्या सुधा पटेल, श्री अकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार, प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार, शिक्षक ललतेश बैरागी, सुदर्शन पाटीदार, अभिषेक पटवारी, अनुराग मुकाती सभी को-ऑर्डिनेटर एवं स्टॉफ मेंबर्स ने बधाई प्रेषित की.

## नर्मदा जयंती पर ओंकारेश्वर गए युवक का शव मिला

**इंदौर.** नर्मदा जयंती के दिन दोस्तों के साथ इंदौर से ओंकारेश्वर नर्मदा स्नान करने गए एक युवक का शव शुक्रवार देर शाम नर्मदा नदी में मिला. उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे. युवक का नाम मनीष भट्ट बताया गया है. वह तिलक नगर थाना क्षेत्र के पिपल्याहाना क्षेत्र का निवासी था. पुलिस ने इस मामले को हत्या मानते हुए जांच शुरू कर दी है.

बताया जाता है कि परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर दोस्तों ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार कर दिया. इसके बाद परिवारजन उसकी तलाश में जुटे थे. हालांकि, वह किन दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर गया था, इसकी स्पष्ट



जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. पुलिस मुखबिरी का संदेह- जानकारी के अनुसार, मनीष भट्ट इंदौर के कई पुलिसकर्मियों के संपर्क में था और वह पुलिस के लिए मुखबिरी का काम करता था. आशंका जताई जा रही है कि उसे मुखबिर होने के शक में मौत के घाट उतारने की बात सामने आ रही है. हालांकि, मंधाता थाना पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है.

## ऑपरेशन क्लीन स्ट्रीट : रिंग रोड पर हुड़दंग मचाने वाले 5 धराए

- तेज रफ्तार कार से स्टंटबाजी कर रहे रईसजादों की तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शहर की सड़कों पर स्टंटबाजी और रश ड्राइविंग कर आमजन की जान खतरे में डालने वालों पर इंदौर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है. ऑपरेशन क्लीन स्ट्रीट के तहत आजाद नगर थाना क्षेत्र में रिंग रोड पर देर रात हुड़दंग मचाने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि थार, स्कॉर्पियो और अर्टिगा लग्जरी वाहन जब्त किए हैं.**



डीसीपी जोन 1 कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर यह कार्रवाई देर रात की गई. पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते हुए स्टंट कर रहे हैं. इस पर आजाद नगर पुलिस की गश्ती टीम ने घेराबंदी कर युवकों को मौके पर दबोच लिया. पुलिस ने जिन वाहनों को जब्त किया है, उनमें स्कॉर्पियो जीजे 20 सीबी 2621, थार एमपी 09 एडब्ल्यू 2462 और अर्टिगा जीजे 20 एएच 9307 शामिल हैं. पकड़े गए युवकों में हिमांशु मालवीय उम्र 20 निवासी नगीन नगर एयरपोर्ट रोड, मयंक उम्र 20 साल निवासी खंडवा, मनीष सैनी उम्र 19 निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग, मयंक उम्र 22 निवासी सर्वानंद नगर और 20 वर्षीय चित्रेश मंडलोई निवासी अंबिकापुरी शामिल हैं. पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया है, डीसीपी का कहना है कि सड़कें स्टंट के लिए नहीं, सुरक्षित यातायात के लिए हैं और नियम तोड़ने वालों पर आगे भी सख्ती जारी रहेगी.

## फर्जी बैंक मैसेज से खाते में सेंध साढ़े चार लाख से ज्यादा निकाले

**इंदौर.** एक कंपनी का सेल्समैन साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया. उनके मोबाइल पर 86 हजार 500 रुपए बैंक खाते में क्रेडिट होने का मैसेज आया. अचानक आए इस मैसेज के बाद उन्होंने मोबाइल पर ही बैंक के ऐप से बैलेंस चेक किया, जिसके कुछ ही देर बाद अलग-अलग यूपीआई ट्रांजैक्शन से 4 लाख 33 हजार से ज्यादा दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए.

जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि मोहनिश (37 वर्ष) पिता हरीश थीरवानी निवासी त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन ने मामले की शिकायत की है. वह एक कंपनी में सेल्समैन के पद पर काम करता है. 26 जनवरी की रात 9.30 बजे उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें उनके बैंक खाते में 86 हजार 500 रुपए क्रेडिट होना बताया गया. जब उन्होंने बैलेंस और ये राशि किसने डाली ये चेक करने के लिए मोबाइल पर ही बैंक के ऐप में लॉगइन किया.

**बैंक के ऐप में लॉग-इन करते ही ट्रांसफर हो गए रुपए**

लागइन करते ही कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से 86 हजार 500 रुपए वापस यूपीआई के माध्यम से डेबिट हो गए. इसके कुछ देर बाद उनके उसी बैंक खाते से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से 4 लाख 33 हजार 368 रुपए दूसरे बैंक खाते में चले गए. फरियादी के बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर हो गए तो उन्होंने तुरंत ही 1930 पर पहले इसकी शिकायत की, फिर साइबर सेल में भी शिकायत की. वहां से मामला जूनी इंदौर थाने आया, जहां पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ कायमी की है. पुलिस को अशंका है कि जो मैसेज भेजा गया था, उस वजह से उनका मोबाइल हैक हुआ होगा.

**समस्या** जहां शहर का मुख्य हिस्सा साफ दिखता है, वहीं बस्तियों में लगे रहते हैं कचरे के ढेर और फैलती रहती है गंदगी

# स्वच्छता के दावों और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ा विरोधाभास



**इंदौर, जिसे लगातार कई वर्षों से भारत के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा मिल रहा है, वहां नगर निगम के स्वच्छता दावों और बस्तियों की जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ा विरोधाभास देखने को मिल रहा है. हाल के घटनाक्रमों ने प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. जहां शहर का मुख्य हिस्सा साफ दिखता है, वहीं बस्तियों में बुनियादी सुविधाएं जैसे उचित ड्रेनेज सिस्टम और साफ पानी की भारी कमी है.**

बस्तियों में खुले गटर, जगह-जगह कचरे के ढेर और सीवर का पानी सडकों पर बहना आम है. कई कॉलोनियों में ड्रेनेज लाइन और पीने के पानी की लाइनें आपस में मिल गई हैं, जिससे लोग मजबूरी में गंदा और बदबूदार पानी पीने को विवश हैं. बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 के विनोबा नगर, मित्र नगर राम मंदिर के पास स्थित बैक लाइनों की हालत बेहद खस्ता है. करीब 8 फीट चौड़ी इस बैक लाइन में कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिसकी दुर्गंध से वहां खड़े रहना भी मुश्किल है. निवासियों का आरोप है कि पिछले 6-7 सालों से शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि कोई ठोस समाधान नहीं निकाल रहे हैं, सिर्फ आश्वासन मिलता है।

रहवासियों के अनुसार, आसपास बनी मल्टियों में रहने वाले लोगों द्वारा रोजाना देर रात बैक लाइन में भारी मात्रा में कचरा फेंका जा रहा है. इसके कारण क्षेत्र में रहने वाले मध्यवर्गीय परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कचरे से उठने वाली बदबू और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है. स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार मल्टियों में रहने वाले लोगों को समझाइश दी गई, लेकिन कचरा फेंकने की प्रवृत्ति बंद नहीं हुई. क्षेत्रवासियों ने झोन स्तर पर नगर निगम में कई बार शिकायत दर्ज कराई, साथ ही निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है.

**यह बोले रहवासी...**



नाला साफ करने वाले कर्मियों को समस्या बताई, झोन से आए अधिकारियों को भी बताया, लेकिन वह सिर्फ आश्वासन देकर चले गए, अभी तक इस समस्या से छुटकारा नहीं मिला.
**- अशोक पांचाल**



क्षेत्र में गंदगी के कारण बदबू बहुत ज्यादा फैलती है, इसके अलावा मच्छरों का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया है, जिससे कई तरह की बीमारियों से लोग ग्रस्त हैं.
**- रेनू पाल**



मल्टी वालों को जब समझाया गया तो वे समझने को तैयार ही नहीं हैं. उन लोगों का कहना है कि हम तो कचरा फेंकेंगे, जिसे जो बन पड़े कर ले.
**-लाड़कोर पांचाल**